NDRF ने झारखंड में बाढ़ से ग्रामीणों को बचाया

चर्चा में क्यों?

- [राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF)](#) ने **झारखंड के गढ़वा ज़िले** में बाढ़ के पानी में फँसे **26 ग्रामीणों** को बचाया।
  - पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ आ गई है

मुख्य बिंदु

- **हरिहरपुर पुलिस चौकी के पास** सोन नदी के बाढ़ के पानी में ग्रामीण फँस गए थे।
  - **सोन नदी, जो एक बारहमासी नदी है जो मध्य भारत से होकर बहती है।**
  - **यह** यमुना नदी **के बाद** गंगा **की दूसरी सबसे बड़ी दक्षिणी (दाहिनी तट) सहायक नदी है।**
  - यह नदी छत्तीसगढ़ के **गौरेला-पेंड्रा-मरवाही** ज़िले में **अमरकंटक पहाड़ी** के पास से निकलती है और अंततः बिहार में पटना के पास गंगा नदी में मिल जाती है।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF)

- **परिचय**
  - NDRF भारत में **प्राकृतिक** और **मानव निर्मित आपदाओं** के लिये विशेष प्रतिक्रिया के उद्देश्य से गठित एक विशेष बल है।
  - **गठन और उद्देश्य:** NDRF का गठन **वर्ष 2006** में **आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005** के तहत किया गया था। इसका प्राथमिक उद्देश्य प्राकृतिक तथा मानव निर्मित आपदाओं पर त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देना है।
  - **संरचना: NDRF** में **सीमा सुरक्षा बल (BSF), केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CAPF), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CRPF), भारत तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) और सशस्त्र सीमा बल (SSB)** सहित **केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF)** की बटालियनें शामिल हैं।
    - प्रत्येक बटालियन को आपदा प्रतिक्रिया के लिये विशेष प्रशिक्षण एवं उपकरण उपलब्ध हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ndfr-rescues-villagers-in-jharkhand-floods